भारत सरकार

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. **1686** जिसका उत्तर

गुरूवार, **11 फरवरी**, 2021/22 माघ, 1942 (शक) को दिया जाना है

अंतर्देशीय नौवहन

†1686. प्रो. सौगत राय:

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में अंतर्देशीय नौवहन को बढ़ावा देने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(ख) इस क्षेत्र में व्यापक अवसरों को दोहन करने में हो रहे विलम्ब के क्या कारण हैं;

(ग) क्या किसी राज्य सरकार ने और अधिक अंतर्देशीय नौवहन मार्गों की मांग की हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री मनसुख मांडविया)

(क) और (ख): देश में अंतर्देशीय जल परिवहन को बढ़ावा देने के लिए 111 जलमार्गों को राष्ट्रीय जलमार्ग अधिनियम, 2016 के अंतर्गत राष्ट्रीय जलमार्गों (रा.ज.) के रूप में घोषित किया गया है जो राज्य सरकारों के सुझावों को विधिवत शामिल करने के पश्चात दिनांक 12 अप्रैल, 2016 से लागू किए गए ।

106 राष्ट्रीय जलमार्गों की व्यवहार्यता अध्ययन (एफएस) तथा विस्तृत परियोजना रिर्पोट (डीपीआरएस) पूरी हो गई है। हितधारकों से एफएस/ डीपीआर, इनपुटस के परिणामों एवं सिफारिशों का विस्तृत विश्लेषण करने के पश्चात, 106 राष्ट्रीय जलमार्गों को निम्नलिखित तीन श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है:-

1.	श्रेणी ‘क’: कार्गो सहित व्यवहार्य पाए जाने वाले रा.ज.	18 रा.ज.
2.	श्रेणी ‘ख’: केवल पर्यटन संभाव्य/फेरी/ क्रूज के साथ व्यवहार्य पाए जाने वाले रा.ज.	25 रा.ज.
3.	श्रेणी ‘ग’: कार्गो/ क्रूजं के लिए व्यवहार्य न पाए जाने वाले रा.ज.	63 रा.ज.
	कुल	106 रा.ज.

राष्ट्रीय जलमार्गों के लिए तैयार किए गए तकनीकी-आर्थिक व्यवहार्यता तथा विस्तृत परियोजना रिपोर्टो (डीपीआर) के परिणाम के आधार पर भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्लूएआई) ने यह निष्कर्ष दिया कि 23 राष्ट्रीय जलमार्ग कार्गो आवागमन के लिए व्यवहार्य पाए गए हैं जिनमें से 13 व्यवहार्य पाए गए राष्ट्रीय जलमार्गों में विकासात्मक कार्यों को शुरू किया जा चुका है। 23 राष्ट्रीय जलमार्गों की सूची और उसके विकास के लिए कार्य योजना **अनुबंध-।** में दी गई है।

(ग) और **(घ)** अंतर्देशीय नौचालन मार्गों को राष्ट्रीय जलमार्ग घोषित करने के लिए राज्य सरकारों के साथ उचित विचार- विमर्श करने के पश्चात तथा तकनीकी आर्थिक व्यवहार्यता और व्यवहार्यता अध्ययनों के आधार पर सुझावो/ मांगों को राष्ट्रीय जलमार्ग अधिनियम, 2016 में शामिल किया गया था।

अनुबंध- I

<u>कार्गो आवागमन के लिए व्यावहारिक पाए गए 23 राष्ट्रीय जलमार्गों की सूची</u>

क्र.सं.	राष्ट्रीय जलमार्ग सं.	जलमार्गों का ब्यौरा	राज्य	स्थिति
1.	राष्ट्रीय जलमार्ग 1	गंगा -भागीरथी -हुगली नदी प्रणाली (हल्दिया - इलाहाबाद)	उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल	विश्व बैंक **जलमार्ग विकास परियोजना** की सहायता से विकासात्मक कार्य किए गए
2.	राष्ट्रीय जलमार्ग 2	ब्रह्मपुत्र नदी (धुब्री-सादिया)	असम	वित्तीय वर्ष 2020-21 से 2024-25 के लिए स्वीकृत किए गए एसएफसी के अनुसार किए गए विकास कार्य
3.	राष्ट्रीय जलमार्ग 16	बराक नदी	असम	
4.	राष्ट्रीय जलमार्ग 3	वेस्ट कोस्ट नहर (कोट्टापुरम-कोल्लम), चंपाकरा एवं उद्योगमंडल नहर	केरल	अधिकांशतः प्रचालनात्मक जलमार्गों तथा विकास एवं रखरखाव संबंधी कार्य किए गए।
5.	राष्ट्रीय जलमार्ग 4	कृष्णा नदी (विजवाड़ा-मुक्तयला)	आंध्र प्रदेश	
6.	राष्ट्रीय जलमार्ग 5	मंगलागढ़ी से पानकोपल से होते हुए धमरा-पराडियो	ओडिशा	
7.	राष्ट्रीय जलमार्ग 8	अलाप्पुझा -चंगनसरी नहर	केरल	
8.	राष्ट्रीय जलमार्ग 9	अलाप्पुझा -कोट्टायम - अथिरमपुजा नहर	केरल वैकल्पिक मार्ग: 11.5 कि.मी.	
9.	राष्ट्रीय जलमार्ग 27	कंबरजुआ नदी	गोवा	
10.	राष्ट्रीय जलमार्ग 68	माण्डवी नदी	गोवा	
11.	राष्ट्रीय जलमार्ग 86	रूपन्नारायण नदी	पश्चिम बंगाल	
12.	राष्ट्रीय जलमार्ग 97	सुंदरबन जलमार्ग	पश्चिम बंगाल	
13.	राष्ट्रीय जलमार्ग 111	ज़ुआरी नदी	गोवा	
14.	राष्ट्रीय जलमार्ग 10	अंबा नदी	महाराष्ट्र	एसएफसी/ईएफसी

15.	राष्ट्रीय जलमार्ग 44	इच्छामती नदी	पश्चिम बंगाल	की स्वीकृति के पश्चात् कार्य किया जाएगा।
16.	राष्ट्रीय जलमार्ग 52	काली नदी	कर्नाटक	
17.	राष्ट्रीय जलमार्ग 57	कोपिली नदी	असम	
18.	राष्ट्रीय जलमार्ग 73	नर्मदा नदी	महाराष्ट्र और गुजरात	संबंधित राज्य समुद्री बोर्ड के तहत अधिकतर मात्रा में कार्गो का आवागमन ज्वारीय जल/नदी के मुहाने में होता है। अभी तक आईडब्ल्यूएआई द्वारा किंही हस्तक्षेपों पर विचार नहीं किया गया है।
19.	राष्ट्रीय जलमार्ग 83	राजपुरी क्रीक	महाराष्ट्र	
20.	राष्ट्रीय जलमार्ग 85	रेवदंडा क्रीक -कुंडलिका नदी प्रणाली	महाराष्ट्र	
21.	राष्ट्रीय जलमार्ग 91	शास्त्री नदी -जयगढ़ क्रीक प्रणाली	महाराष्ट्र	
22.	राष्ट्रीय जलमार्ग 94	सोन नदी	बिहार	
23.	राष्ट्रीय जलमार्ग 100	तापी नदी	महाराष्ट्र और गुजरात	

*****